तंतुवाय (विधायक हटा), श्री सी.पी. शुक्ला (विधायक कप्तानगंज), श्री संजय गुप्ता (विधायक, चायल), श्री अवधेश गुप्ता (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र), श्री एस.के. शर्मा (जिला शिक्षा अधिकारी, छतरपुर), श्री सत्य भूषण जैन, उपाध्यक्ष कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, श्री विष्णु कुमार सुरेखा, समाजसेवी, श्री वैभव नाथ भारती (जिलाध्यक्ष यमुनापार), डॉ. एल.एस. ओझा (प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ), श्री दिलीप चौरसिया, प्रयागराज, श्री सिंटू मिश्रा, श्री पुष्पेंद्र सिंह, श्री पवन पांडेय, श्री आशीष केसरवानी, श्री अनूप मिश्रा, श्री पुष्पराज सिंह पटेल, श्री अरविंद सिंह पप्पू (सतना), श्री शिव शंकर सिंह, महोबा, श्री कमलेश सिंह, श्री उमाशंकर मिश्र, श्री राज नारायण तिवारी (रीवा), श्री विजय द्विवेदी, श्री अनिल खरे, श्री प्रवीण दुबे, श्री रिंकू राठौर विशेष रूप से रहे। श्री गणेश केसरवानी (अध्यक्ष महानगर भाजपा श्री बृज विलास मिश्र (जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण रीवा), कानपुर से श्री पुनीत साहू, छतरपुर से श्री मंटू खरे, श्री विनोद सिंह घोष, श्री नरेंद्र मिश्रा, प्रवीण दुबे, रिंकू राठौर, उमाशंकर मिश्र, ब्रजेश वाजपेयी उपस्थित रहे।

भंडारा में प्रसाद वितरण करते कार्यकर्त्ता

भागवत कथा करते कथावाचक श्री राहुल शास्त्री

यज्ञोपवीत संस्कार समारोह में नव युवक

कार्यक्रम : नेत्र शिविर, सामग्री वितरण व भंडारा
दिनांक : 24 फरवरी (बुधवार)
कार्यक्रम स्थल : त्रिवेणी मार्ग, दक्षिण पटरी पुल नं. 2, के पास (झूसी साइड) गंगा तट से पहला भूखंड, सेक्टर नं. 3, माघ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.)

माघ मेले में स्वास्थ्य शिविर से अनूठा संदेश

सामाजिक नवनिर्माण में सशक्त भूमिका निभाता पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

पं. गणेश प्रसाद न्यास किसी परिचय का मोहताज नहीं है। विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों चाहे वह स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या शिक्षा का। चाहे धार्मिक आयोजनों की शृंखला हो, खेल का क्षेत्र हो या साहित्यिक अवदान का। न्यास ने प्रत्येक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य किए हैं। प्रयागराज में लगातार चौथी बार 29 जनवरी से प्रारंभ व 27 फरवरी को संपन्न होने जा रहे माघ मेले में कल्पवासी शिविर का आयोजन एक दुर्लभ एवं वैशिष्ट्यपूर्ण आयोजन था।

देश के कोने-कोने से आए लोग हुए लाभान्वित

न्यास के इस शिविर में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, राजस्थान आदि के 28 जिलों से प्रतिवर्ष 500 लोग एक माह तक रहते हैं। जिनके निवास, भोजन आदि की व्यवस्था न्यास द्वारा की जाती है। सभी श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन भी करते हैं। इस वर्ष इस अभूतपूर्व आयोजन में जहाँ एक ओर तीन कथाएँ पूर्ण हुईं, वहीं उपनयन संस्कार भी कराए गए।

माघ माहात्मय कथा का समापन, पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारा, जहाँ 07 फरवरी को संपन्न हुआ। वहीं इसी दिन नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आँख व कान के मरीजों को नि:शुल्क कंबल, बिस्तर, दवा, चश्मा, कान की मशीनें तथा सामग्री वितरित की गई। इसी तारतम्य में 24 फरवरी को नेत्र शिविर का भी आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 1082 लोगों की जाँच हुई तथा उन्हें दवाइयाँ व चश्मे वितरित किए गए। इस शिविर से लोग नई रोशनी एवं श्रवण क्रांति से लाभान्वित हुए।

स्वामी शंकर्षणाचार्यजी भीमकुंड धाम के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

इस शिविर में शंकर्षणाचार्यजी की अगुआई में तीन कथाओं के साथ-साथ संगीत रत्न गणेश श्रीवास्तव एवं ग्रुप के द्वारा महाकाली, बजरंगबली, शिव तांडव आदि की नृत्य नाटिकाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसे देखकर लोग भाव-विभोर हो गए। आयोजन में त्रिवेणी आरती, गंगा आरती, अक्षयवट आरती, पातालपुरी दर्शन व हनुमानजी की आरती को भी शामिल किया गया था, ताकि लोग इसके महत्त्व को भी जान सकें।

न्यास का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि इस आयोजन को लेकर न्यास का उद्देश्य तीर्थाटन व पर्यटन के माध्यम से भारतीय संस्कृति व विरासत के दर्शन कराना है। उन्होंने आयोजन के लिए तारा नेत्र संस्थान, सद्गुरु सेवा संघ, ऐल्प्स इंटरनेशनल लिमिटेड का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही उनका भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आयोजन को भव्य बनाने में अपना योगदान दिया है। संकल्प मिश्र ने सभी अतिथियों को शॉल व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। मेले की व्यवस्था में लगे सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को कंबल, टी-शर्ट, जैकेटें व न्यास की पुस्तक प्रदान की गईं।

इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस शिविर में परमपूज्य शंकर्षणाचार्यजी महाराज भीमकुंड, कथावाचक अनंतराम कुररिया, पं. घनश्याम शास्त्रीजी, डॉ. अरविंद चौरसिया अवर सचिव उत्तर प्रदेश सरकार, बारा के उप-जिलाधिकारी सुभाष यादव, करछना के एस.डी.एम. विनोद पांडे, प्रयाग से मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी, तहसीलदार विवेक शुक्ला, प्रयागराज एस.एस.पी. सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एस.पी. क्राइम आशुतोष मिश्रा, डॉ. राजाराम यादव, पूर्व कुलपति जौनपुर वि.वि., हँडिया तहसीलदार रामप्रसाद त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष दर्शना सिंह, शिवांगी मिश्रा पार्षद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता सिंह, गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, महामंत्री जीतलाल त्रिपाठी, संजय नकरा, कोषाध्यक्ष आशीष केशरवानी, युवा नेता मनोज निषाद, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य पवन पांडेय, संकटा द्विवेदी, दिलीप चौरसिया,

अतुल गुप्ता, कमलनयन अवस्थी, वृंदावन से राहुल कृष्ण शास्त्री, उच्च न्यायालय अधिवक्ता अशोक पांडेय, महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय मिश्रा 'सिंटू', मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह पटेल, ए.डी.ओ. राकेश सिंह, प्रयाग विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र, प्राचीन इतिहास के प्रो. डी.पी. दुबे, प्रयागराज जिला कार्यकारिणी सदस्य स्वाति गुप्ता, शोधछात्र पीयूष मिश्र, भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, एल.डी.बी. बैंक अध्यक्ष वेदप्रकाश सिंह, एस.डी.एम. प्रेमचंद्र मौर्य, वेदप्रकाश शर्मा पुणे, कामकाज सिंह पटेल, विशाल गुप्ता, विवेक स्वरूप, अवंतिका टंडन, सन्नो सक्सेना, कन्हैया अग्रवाल, मोनू शर्मा, राजीव शर्मा, विकास सिंह (रीवा), नरेंद्र गुप्ता 'डब्बू', एड. आदित्य पांडे (सतना), विनोद द्विवेदी (सिंगरौली), विनोद तोमर (दिल्ली), संजीव कुमार, अनिल कुमार (गुरुग्राम), अशोक गौतम (दिल्ली), अंकित शर्मा, एड. चिराग मुद्गल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्रयागराज के एस.एस.पी. श्री सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठीजी मेला परिसर में न्यास के कार्यकर्ता से स्मृति चिह्न ग्रहण करते हुए

कान की मशीन प्राप्त करते हुए मरीज

कथा का रसास्वाद करते श्रद्धालुगण
श्री प्रतीक सक्सेना 'सन्नो', मोनू शर्मा, कन्हैया अग्रवाल एवं अन्य

मुद्रित सामग्री

स्थानीय समाचार-पत्रों में आए आलेख

''बुंदेलखण्ड मैराथन : 2021 कार्यक्रम की विभिन्न चैलनों पर कवरेज''

वीरवार, 04 फरवरी, 2021

क्रमांक	न्यूज चैनल का नाम	शीर्षक	वीडियो	यूट्यूब वीडियो लिंक	वीडियो लिंक
1	THE NETIZEN NEWS	छतरपुर:बुंदेलखंड दौड़ का हुआ आयोजन बुंदेलखंड मैराथन का कवरेज नेटिजन न्यूज़ में विशेष कवरेज	✓	https://youtu.be/TPHxQ19_geE	The Netizen News.mp4
2	THE PEPTECH TIME मध्य प्रदेश समाचार	पेप्टेक टाईम पर खिलाड़ियों के इंटरव्यू बुन्देलखण्ड मैराथन के विजेता का इंटरव्यू सुन लो	✓	https://youtu.be/S6eAsNA1_FQ	The Peptech Time.mp4
3	THE PEPTECH TIME मध्य प्रदेश समाचार	बुंदेलखंड मैराथन:2021 के आयोजन पर सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र का एक्सक्लूजिव इंटरव्यू अवश्य देखिये। पेप्टेक टाइम्स पर मैराथन लाइव 12 जनवरी	✓	https://www.youtube.com/watch?v=WaAfvLDioIE&feature=youtu.be	The Peptech Time 2.mp4
4	ZEE MADHYA PRADESH & CHATTISGARH	10 किमी विजेता का जी न्यूज़ पर इंटरव्यू 7KM की Race में पहले स्थान पर रहे Jabalpur के Rajesh Sahu #PTGaneshPrasadMishraSevaNyas #BundelkhandMarathon #NationalYouthDay	✓	https://www.youtube.com/watch?v=pUBT1F21yvQ&feature=youtu.be	ZEE MADHYA PRADESH & CHATTISGARH.mp4
5	PEPTECH TIME MP	विभिन्न विजेताओं के इंटरव्यू पेप्टेक टाईम्स पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित, बुन्देलखण्ड मैराथन पर क्या बोले विजेता और अतिथि	✓	https://youtu.be/X4RocW0CY-s	PEPTECH TIME MP.mp4
6	BUNDELI CHUGLI	मैराथन दौड़ खूब मची होड़ बुंदेली चुगली चैनल पर मैराथन का कवरेज	✓	https://youtu.be/J7CRCVknOZ4	BUNDELI CHUGLI.mp4
7	SAMNA LIVE	छतरपुर मैराथन दौड़ मे दिखा युवाओ का जोश। बुंदेलखंड मैराथन का सामना लाइव चैनल पर लाइव प्रसारित समाचार व इंटरव्यू	✓	https://youtu.be/8yDBfnmhY4c	SAMNA LIVE.mp4
8	MADHYA PRADESH TIME	छतरपुर-बुंदेलखंड मैराथन का थीम सांग हुआ लॉन्च,फ़िल्मी कलाकारों से भी दी आयोजन के लिये शुभकामनाये। थीम सांग रिलीज़ समाचार	✓	https://youtu.be/H8pkcETJ9Wk	MADHYA PRADESH TIME.mp4
9	ZEE MADHYA PRADESH & CHATTISGARH	Bundelkhand Marathon 2021 का आगाज़, सभी आयु वर्ग के लोग हुए शामिल	✓	https://youtu.be/VaK8k5x0lMM	ZEE MADHYA PRADESH & CHATTISGARH 1.mp4
10	BUNDELI NEWS	न्यूज़ नेशन में मैराथन लाइव: बुन्देली न्यूज़ छतरपुर जिले के नौगांव व उत्तर प्रदेश महोबा जिले के धौर्रा में पंडित गणेश प्रसाद मिश्र न्यास द्वारा आयोजित बुंदेलखंड मैराथन में तीन स्तरीय दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 30 किलोमीटर ,10 किलोमीटर एवं 7 किलोमीटर की दौड़ रखी गई ।इस मैराथन दौड़ में बुंदेलखंड के करीब 15 जिलों से 5 हजार प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया , तो वहीं 3 हजार प्रतिभागी मैराथन दौड़ में सम्मिलित हुए। दौड़ की शुरुआत बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर, महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ मऊसहानिया, व नवोदय विद्यालय नौगांव से न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखा रवाना की। जिसमे 30 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले अनीस थापा ने 1:30:53 मैं दौड़ पूरी की तो वहीं 10 किलोमीटर की दौड़ में देवेंद्र ने 41मिनिट में दौड़ पूरी की वहीं 7 किलोमीटर की दौड़ में राजेश साहू ने 29 मिनिट में दौड़ को पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 7 किलोमीटर की दौड़ में शामिल 55 वर्षीय महिला प्रतिभागी जानकी बाई ने साड़ी चप्पल पहनकर दौड़ पूरी कर आकर्षण का केंद्र रही। जिनको दिल्ली के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली मैराथन के लिए आमंत्रित किया। वही कार्यक्रम के आयोजक डॉ राकेश मिश्रा ने बताया कि खेल के प्रेमियों को आगे बढ़ाने की मंशा से प्रधानमंत्री के नारे फिट इंडिया, हिट इंडिया को साकार करने के लिए देश के नौजवान मैं खेल भावना के प्रति जागृत करने व कोरोना काल में घरों में बैठे लोगों को जागरूक करने की मंशा से बुंदेलखंड मैराथन दौड़ आयोजित की गई , जिसमें देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 2 महीनों से रोजाना प्रैक्टिस कर रहे लोगों ने भी भाग लिया।	✓	https://youtu.be/xDEfERkMbhs	BUNDELI NEWS.mp4
11	श्री दीपक साहू बुंदेलखंड	महाराजा छत्रसाल शौर्य पीठ मऊ सहानियॉं से मैराथन का कवरेज मैराथन दौड़ मऊ सहनिया से धौर्रा 10 km	✓	https://youtu.be/cTlObCpnZ7Q	Mr. Deepak Sahu Bundelkhand.mp4

क्रमांक	न्यूज चैनल का नाम	शीर्षक	वीडियो	यूट्यूब वीडियो लिंक	वीडियो लिंक
12	SUDARSHAN NEWS	सुदर्शन न्यूज़ चैनल पर बुंदेलखंड मैराथन:2021 का महाकवरेज पं. गणेश प्रसाद मिश्र बुंदेलखंड मैराथन 2021	✓	https://youtu.be/9BtuegUjeel	SUDARSHAN NEWS.mp4
13	INDIA NEWS 24 KAPIL PATEL	इंडिया न्यूज़ 24 में बुंदेलखंड मैराथन का कवरेज! बुंदेलखंड मैराथन दौड़ 2021	✓	https://youtu.be/RuUM-nayumw	INDIA NEWS 24 KAPIL PATEL.mp4
14	RRK NEWS	RRK News का कवरेज मैराथन में तीन स्तरीय दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 30 किलोमीटर 10 किलोमीटर एवं 7 किलोमीटर छतरपुर जिले के नौगांव व उत्तर प्रदेश महोबा जिले के धौर्रा में पंडित गणेश प्रसाद मिश्र न्यास द्वारा आयोजित बुंदेलखंड मैराथन में तीन स्तरीय दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 30 किलोमीटर ,10 किलोमीटर एवं 7 किलोमीटर की दौड़ रखी गई ।इस मैराथन दौड़ में बुंदेलखंड के करीब 15 जिलों से 5 हजार प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया , तो वहीं 3 हजार प्रतिभागी मैराथन दौड़ में सम्मिलित हुए। दौड़ की शुरुआत बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर, महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ मऊसहानिया, व नवोदय विद्यालय नौगांव से न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखा रवाना की। जिसमे 30 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले अनीस थापा ने 1:30:53 मैं दौड़ पूरी की तो वहीं 10 किलोमीटर की दौड़ में देवेंद्र ने 41मिनिट में दौड़ पूरी की वहीं 7 किलोमीटर की दौड़ में राजेश साहू ने 29 मिनिट में दौड़ को पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 7 किलोमीटर की दौड़ में शामिल 55 वर्षीय महिला प्रतिभागी जानकी बाई ने साड़ी चप्पल पहनकर दौड़ पूरी कर आकर्षण का केंद्र रही। जिनको दिल्ली के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली मैराथन के लिए आमंत्रित किया। वही कार्यक्रम के आयोजक डॉ राकेश मिश्रा ने बताया कि खेल के प्रेमियों को आगे बढ़ाने की मंशा से प्रधानमंत्री के नारे फिट इंडिया, हिट इंडिया को साकार करने के लिए देश के नौजवान मैं खेल भावना के प्रति जागृत करने व कोरोना काल में घरों में बैठे लोगों को जागरूक करने की मंशा से बुंदेलखंड मैराथन दौड़ आयोजित की गई , जिसमें देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 2 महीनों से रोजाना प्रैक्टिस कर रहे लोगों ने भी भाग लिया	✓	https://youtu.be/b9YNMGpYkw4	RRK NEWS.mp4
15	THE PEPTECH TIME	छतरपुर में बुंदेलखंड मैराथन दिखा जोश, 4000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा	✓	https://youtu.be/0lPs8PezSzg	THE PEPTECH TIME 3.mp4
16	AGNICHAKR LIVE NEWS	पंडित गणेशप्रसाद मिश्र न्यास द्वारा आयोजित बुंदेलखंड मैराथन दौड़	✓	https://www.youtube.com/watch?v=gedIOV2qsPY&feature=youtu.be	AGNICHAKR LIVE NEWS.mp4
17	RAVIG 74	बुंदेलखंड मैराथन दौड़ छतरपुर से धौर्रा 30km Run Complete 12 Jan 2021 by ravig74	✓	https://youtu.be/lTpMTzUiKIl	RAVIG 74.mp4
18	ZEE PUNJAB HARYANA HIMACHAL	Bundelkhand Marathon 2021|National Youth Day |Swami Vivekananda Jayanti |Zee Punjab Haryana Himachal स्वामी विवेकानंद जयंती यानि राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी को बुंदेलखंड मैराथन 2021 का आयोजन किया गया... इस पूरे मैराथन की ख़ास बात ये रही कि इसमें कई उम्र के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया.. मैराथन को 3 आयु वर्गों में बांटा गया.. 30 किलो मीटर की युवा मैराथन, 10 किलो मीटर बाल मैराथन और 7 किलो मीटर की ओल्ड यानि वॉकथॉन.. इस मैराथन में कई राजनीतिक और खेल से जुड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं.. बुंदेलखंड मैराथन 2021 में टॉप-3 प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया.. #BundelkhandMarathon #NationalYouthDay #SwamiVivekanandaJayanti Official website: https://zeenews.india.com/hindi/zeephh Like us on Facebook https://www.facebook.com/ZeePHH/ Follow us on Twitter https://twitter.com/ZeePunjabHH Follow us on Instagram https://www.instagram.com/zeepunjab/?...	✓	https://www.youtube.com/watch?v=HV04_NQ98jw	ZEE PUNJAB HARYANA HIMACHAL.mp4
19	ZEE SALAAM	Bundelkhand Marathon 2021 | Swami Vivekananda Jayanti के मौके पर बुंदेलखंड मैराथन 2021 का आयोजन किया	✓	https://youtu.be/aJd7FaSGlBc	ZEE SALAAM.mp4
20	ZEE UTTAR PRADESH UTTARAKHAND	Bundelkhand Marathon 2021 | Swami Vivekananda Jayanti के मौके पर बुंदेलखंड मैराथन 2021 का आयोजन |	✓	https://youtu.be/BcbDKgja978	ZEE UTTAR PRADESH UTTARAKHAND.mp4

क्रमांक	न्यूज चैनल का नाम	शीर्षक	वीडियो	यूट्यूब वीडियो लिंक	वीडियो लिंक
21	ZEE MADHYA PRADESH CHHATTISGARH	Bundelkhand Marathon 2021| Swami Vivekananda Jayanti के मौके पर बुंदेलखंड मैराथन 2021 का आयोजन	✓	https://www.youtube.com/watch?v=APIGbT5pA9k	ZEE MADHYA PRADESH CHHATTISGARH.mp4
22	DABANG MEDIA	मध्य प्रदेश के छतरपुर में बुंदेलखंड की सबसे बड़ी विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन मंगलवार की सुबह बाबूराम	✓	https://www.youtube.com/watch?v=g_H6glayutk&feature=youtu.be	DABANG MEDIA.mp4
23	NEWS17TV!!	छतरपुर:-बुंदेलखंड मैराथन तीन स्तरीय दौड़ का आयोजन किया गया@NEWS17TV!! विनीत पहारिया न्यूज 17 नौगांव छतरपुर मध्य प्रदेश 8319785716	✓	https://youtu.be/RKpPl0hoA3ko	NEWS17TV!!.mp4
24	PRAVEEN PRABHAT	मैराथन में दौड़ा बुन्देलखण्ड, देश भर के धावकों ने लिया हिस्सा Youtube - https://youtu.be/P0rjG--XL_U चैनल को subscribe करें https://www.youtube.com/channel/UCfa45gX9HwyI-VKeSJxizzA	✓	https://youtu.be/P0rjG--XL_U	PRAVEEN PRABHAT.mp4
25	BUNDELKHAND TROOPEL	बुंदेलखंड मैराथन में जमकर भागे बुंदेली	✓	https://youtu.be/jgD3egKghal	BUNDELKHAND TROOPEL.mp4
26	NEW-SADHNA-NEWS-FBDOWN.NET	पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का कल बड़ा आयोजन,12 जनवरी को होगी मैराथन दौड़,बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम से मनोज सोनी के साथ रोहित गुप्ता की LIVE रिपोर्ट न्यू साधना न्यूज पर,न्यास के संयोजक नरेंद्र मिश्रा टिपलू, मंटू खरे	✓	https://www.facebook.com/newsadhnanewslive/videos/1109899266123959/	New-Sadhna-News-fbdown.net.mp4
27	Tezindia News	टीआई अरविंद सिंह दांगी भी दौड़ेंगे मैराथन दौड़ में, बुंदेलखंड मैराथन दौड़ 2021 के लिए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, युवा भाजपा नेता अभिषेक खरे एडवोकेट, सुरेंद्र साहू ने क्या कहा: देखे तेज इंडिया न्यूज़ पर लखन राजपूत के साथ	✓	https://www.facebook.com/113744896811600/posts/247677273418361/ https://youtu.be/ZhIPIYjbIpY	Tezindia News.mp4
28	Tezindia News	बुलेट रानी (राज लक्ष्मी) चेन्नई ने शहर में निकाली जागरण रैली, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 12 जनवरी 2021 को आयोजित बुंदेलखंड मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए दिया संदेश, तेज इंडिया न्यूज़ पर देखे लखन राजपूत के साथ रोहित गुप्ता की रिपोर्ट	✓	https://www.facebook.com/113744896811600/posts/247644466754975/	बुलेट रानी (राज लक्ष्मी) चेन्नई ने शहर में निकाली.mp4 https://youtu.be/tXdoClHFizA
29	Tezindia News	पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष राकेश मिश्रा से बुंदेलखंड मैराथन दौड़ के संबंध में खास बात, तेज इंडिया न्यूज़ पर देखे लखन राजपूत के साथ	✓	https://www.facebook.com/113744896811600/posts/247660540086701/	पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष राकेश मिश्रा से खास बात.mp4
30	New Sadhna News Rajalaxmi Manda ji	मैराथन दौड़ को लेकर बुलेट रानी न्यू साधना न्यूज पर LIVE	✓	https://www.facebook.com/newsadhnanewslive/videos/1782865535223816/	New Sadhna News Rajalaxmi Manda ji.mp4
31	New Sadhna News	पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के भव्य आयोजन को लेकर क्या बोली देश की जानीमानी हस्तियां,गीतकार संगीतकार राहुल त्रिपाठी ने कोंन सा गीत मैराथन के लिए बनाया,मनोज सोनी के साथ रोहित गुप्ता की इस रिपोर्ट में देखे	✓	https://www.youtube.com/watch?v=Pf9vKCZLT60&feature=youtu.be	New Sadhna News.mp4

समाचार-पत्रों की झलकियाँ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित

लोगों के लिए आज भी उपयोगी हैं पं. गणेशप्रसाद मिश्र के विचार

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

नईदिल्ली,27 जून। 93 वर्ष से अधिक आयु तक जीवन जिये पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी)का संदेश, जो वह सदैव हम सबसे कहते थे। आज कोविड-19 काल में पुनःस्मरण हो आया है।

जीवन सीमित है और उसका जब अंत होगा, तब इस लोक की कोई भी वस्तु साथ नहीं जाएगी। फिर ऐसे में कंजूसी करके, पेट काटकर बचत क्यों की जाए? आवश्यकतानुसार खर्च क्यों ना करें? जिन बातों में आनंद मिलता है, वे करना ही चाहिए। हमारे जाने के पश्चात क्या होगा, कौन क्या कहेगा, इसकी चिंता छो? दें, क्योंकि देह के पंचतत्व में विलीन होने के बाद कोई तारीफ करे या टीका टिप्पणी करें, क्या फर्क पड़ता है? उस समय जीवन का और मेहनत से कमाए हुए धन का आनंद लेने का वक्त निकल चुका होगा। अपने बच्चों की जरूरत से अधिक फिक्र ना करें। उन्हें अपना मार्ग स्वयं खोजने दें। अपना भविष्य स्वयं बनाने दें। उनकी आकांक्षाओं और सपनों के गुलाम आप न बनें। बच्चों से प्रेम करें, उनकी परवरिश करें, उन्हें भेंट वस्तुएं भी दें, लेकिन कुछ आवश्यक खर्च स्वयं अपनी आकांक्षाओं पर भी करें। जन्म से लेकर मृत्यु तक सिर्फ कष्ट करते रहना ही जीवन नहीं है, यह ध्यान रखें। यदि आप पाँच दशक पूरे कर चुके हैं, अब जीवन और आरोग्य से खिलवाड़ करके पैसे कमाना अनुचित है, क्योंकि अब इसके बाद पैसे खर्च करके भी आप आरोग्य खरीद नहीं सकते। इस आयु में दो प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। पैसा कमाने का कार्य कब बन्द करें और कितने पैसे से अब बचा हुआ जीवन सुरक्षित रूप से कट जाएगा। आपके पास यदि हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन भी हो, तो भी पेट भरने के लिए कितना अनाज चाहिए?



आपके पास अनेक मकान हों, तो भी रात में सोने के लिए एक ही कमरा चाहिए। एक दिन बिना आनंद के बीता तो आपने जीवन का एक दिन गवाँ दिया और एक दिन आनंद में बीता तो एक दिन आपने कमा लिया है, यह ध्यान में रखें। एक और बात, यदि आप खिलाड़ी प्रवृत्ति के और खुशमिजाज हैं, तो बीमार होने पर भी बहुत जल्द स्वस्थ होंगे और यदि सदा प्रफुल्लित रहते हैं, तो कभी बीमार ही नहीं होंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि, अपने आसपास जो भी अच्छाई है, शुभ है, उसका आनंद लें और उसे संभालकर रखें। अपने मित्रों को कभी न भूलें। उनसे हमेशा अच्छे संबंध बनाकर रखें। अगर इसमें सफल हुए, तो हमेशा दिल से युवा रहेंगे और सबके चहेते रहेंगे। यदि मित्र साथ नहीं रहें तो अकेले पड़ जाएंगे और यह अकेलापन बहुत भारी पड़ेगा। इसलिए रोज पुस्तकें पढ़कर उनकी चर्चा के माध्यम से अपने अज़ीज़ों के संपर्क में रहें, हँसते हँसाते रहें, एक दूसरे की तारीफ करें। जितनी आयु बची है, उतनी आनंद में व्यतीत करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा व कार्यक्रमों में प्रतिदिन हिस्सा लें।देश को संस्कार व अनुशासन यहाँ से बढ़कर कहीं नहीं मिल सकता है। कुछ न कुछ सेवा कार्य प्रतिदिन अवश्य करें। जो आपके पास ईश्वर ने दिया है, उसे मिल बाँट कर उपयोग करें। क्रोध घातक है, उसे हमेशा के लिए जमीन में गाड़ दें। संकट क्षणिक होते हैं, उनका सामना डटकर करें। पर्वत शिखर के परे जाकर सूर्य वापिस आ जाता है, लेकिन दिल से दूर गए हुए प्रियजन वापिस नहीं आते। रिश्तों को संभालकर रखें, सभी में आदर और प्रेम बाँटें। नहीं तो जीवन क्षणभंगुर है, कब खत्म होगा, समझ में भी नहीं आएगा। इसलिए आनंद दें, आनंद लें। जितना हो सके उतना प्रकृति का व देश दर्शन अवश्य करें। मेल जोल के कार्यक्रम व समारोह अवश्य करते रहें।

भोपाल/सागर | न्यू साधना न्यूज | छतरपुर, रविवार 07 जून 2020 | 4

manojsoni48@gmail.com

पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा मानसिक तनाव हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

विचारों को बदलने के लिए व्यवहारों को बदलने की आवश्यकता : डॉक्टर नवीन ग्रोवर

नवस्वदेश सतना

केवल बुढ़ापे का रोग नहीं है आर्थराइट्स : उपचार व निदान पर बेविनार 12 जून को

विश्वप्रसिद्ध चिकित्सक; जनरल, डॉ.वेदप्रकाश चतुर्वेदी होंगे खास मेहमान

सतना (नव स्वदेश)। डॉ. नरेश त्रेहान एवं डॉ. नवीन ग्रोवर की बेविनार की अभूतपूर्व सफलता के बाद पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने यह संकल्प लिया है कि प्रत्येक सप्ताह एक सुप्रसिद्ध चिकित्सक की वार्ता आयोजित की जाये। इसी तारतम्य में श्रृंखला के तृतीय चरण में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित, परम विशिष्ट सेवा मैडल प्राप्त, राष्ट्रपति के पर्सनल फिजीशियन रह चुके विश्वप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल डॉ. वेदप्रकाश चतुर्वेदी 'शुक्रवार, 12 जून को सायं 7 बजे ' से सभी का मार्गदर्शन करेंगे।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि डॉ. चतुर्वेदी देश के जाने.माने प्रथम डीएम क्वालिफाइड रीमैटोलॉजिस्ट हैं। आप आर्मी मेडिकल सेवा के पूर्व महानिदेशक रहे हैं। वर्तमान में आप सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली में कार्यरत हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा.दीक्षा महाराजा महाविद्यालय, छतरपुर से हुई, तदुपरान्त श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा से मेडीकल की शिक्षा ग्रहण की। आपकी धर्मपत्नी डॉ.अमिता चतुर्वेदी भी सेना से निवृत्त होकर सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली में प्रशासनिक प्रमुख पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. राकेश मिश्र ने सभी से आग्रह किया है कि अपनी प्रश्नावली समूह पर डालते जाइये, जिसके उत्तर माइक्रोसाफ्ट टीम एप के माध्यम से 12 जून को सायं 7 बजे से दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण के बाद हम अपनी जीवनचर्या को बदलते हुए नये रूप में पा रहे हैं। आज संचार युग में संपर्क का माध्यम डिजिटल हो गया है। अतरू घर बैठे हम विभिन्न विषयों पर विद्वान व्यक्तियों के व्याख्यान सुनकर अपने जीवन व्यवहार में उपयोग ला सकते हैं।

प्रखर ज्ञान, नौगाँव-पन्ना

देश के विख्यात डॉ. आलोक हेमल ने ऑनलाइन वेबिनार में 390 प्रश्नों के जवाब दिए

कैंसर एवं एड्स पर हुई सार्थक चर्चा

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवान्यास ने आयोजित की स्वास्थ्य परिचर्चा



प्रखर ज्ञान संवाददाता

छतरपुर। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा लोगों में स्वास्थ्य जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली स्वास्थ्य परिचर्चाओं का क्रम जारी है। 26 जून को पंचम स्वास्थ्य परिचर्चा में अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस नई दिल्ली में प्राध्यापक व सुप्रसिद्ध कैंसर व एचआईवी रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक हेमल ने वेबिनार के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस परिचर्चा में देश-विदेश से 1590 लोगों ने सहभागिता दर्ज की।

एड्स का इलाज संभव, मरीज को धैर्य की जरूरत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आलोक हेमल ने बताया कि सर्वप्रथम 1981 में दुनिया में पहले एचआईवी मरीज का पता चला था, इसके बाद 1986 में इस विषाणु का नाम एचआईवी रखा गया। उन्होंने बताया कि भारत के चेन्नई में यौनकर्मियों में इस विषाणु का पहली बार पता चला। उन्होंने बताया कि अब एचआईवी का इलाज संभव है। बस यह दीर्घकालिक होता है, इसमें धैर्यपूर्वक उपचार कराने की आवश्यकता है। डॉ हेमल ने कैंसर रोग के विषय में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया। इस दौरान लगभग 390 प्रश्न पूछे गए। जिनमें से अधिकांश का समाधान डॉ आलोक हेमल के संबोधन के जरिए हुआ वहीं कई प्रश्नों के अलग से उत्तर दिए गए। कार्यक्रम का संचालन न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने किया। न्यास की सचिव आशा रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जिला स्तर पर ही हो जाता है कैंसर का इलाज-

परिचर्चा के दौरान छतरपुर निवासी प्रवीण गुप्त ने पूछा कि जिला स्तर पर कैंसर के इलाज की क्या सुविधाएं होती हैं? जिसके जवाब में डॉ. हेमल ने बताया कि इसमें कोई दो मत नहीं कि देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। जहां-जहां मेडिकल कॉलेज हैं, वहां इसके इलाज की व्यापक सुविधाएं दी जा रही है। चूंकि कैंसर के इलाज के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ साफ-सफाई आदि का भी बहुत ध्यान रखना पड़ता है इसलिए सरकार जिला स्तर पर भी इसके इलाज की सुविधाएं देने की ओर अग्रसर है।

नेजा सतना

प्राकृतिक आपदा को रोक तो नहीं सकते, सही सलाह मिले तो बचाव अवश्य कर सकते हैं

चित्रकूट (नेजा)। प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, तूफ़ान, आकाशीय बिजली गिरना, आग लगना, भूकंप आना, रोड एक्सीडेंट, नदी तालाब में बच्चों के डूबने, मकान में दब जाना, फूड प्वाइजनिंग आदि को हम रोक तो नहीं सकते हैं परंतु उचित मार्गदर्शन मिले तो बचाव अवश्य कर सकते हैं। आपदा आने के पहले व आपदा के बाद कैसे प्रबंधन किया जाए? यदि हम सभी को इन विषयों की जानकारी पहले से रहे तो हम प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जन धन की हानि को कम कर सकते हैं। आपदा प्रबंधन को समझाने के लिए हमारे न्यास के अध्यक्ष डॉ.राकेश मिश्र ने आपदा जोखिम एवं सुरक्षा केंद्र की महानिदेशक श्रीमती डॉ. अंजली क्षात्रा से संपर्क किया और डॉ. क्षात्रा ने हमारा अनुरोध स्वीकार किया। डॉ. अंजली क्षात्रा फिलिन्थ्रोप् नामक संस्था की संस्थापक व अध्यक्षा हैं जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय में एक संगठक के तौर पर कार्य करता है। डॉ. क्षात्रा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त और बहुत ही अनुभवी महिला हैं। देश को आपदाओं से कैसे सुरक्षित रखा जाए और यदि आपदा आ ही जाए तो उसका प्रबंधन किस तरह से किया जाए? इसके लिए वह विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाती हैं। अभी तक उन्होंने पुलिस, पत्रकार, शिक्षक, विद्यार्थी, वकील, डॉक्टर एवं किसानों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हैं। हमारे क्षेत्र में आने वाली विभिन्न विपत्तियों से कैसे बचा जाए। उनके लिए क्या प्रबंधन किया जाए जिससे जान-माल की कम से कम हानि हो। इसके लिए हम 'डॉ. अंजली क्षात्रा से प्रश्न पूछ कर उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। अपने और अपने परिचितों को आप सुरक्षित रख सकते हैं। आपसे अनुरोध है कि अपने परिचितों व मित्रों को सूचना देकर, माइक्रोसॉफ्ट टीम एप के माध्यम से आगामी शुक्रवार सायं सात बजे अवश्य जुड़िये ।

सतना स्टार, सतना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सेवा कार्यों से अभिभूत हूं : दत्तात्रेय होसबाले

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का तृतीय कार्यवृत्त का विमोचन

सतना स्टार। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा अपने तृतीय कार्यवृत्त का विमोचन आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मान्यवर दत्तात्रेय होसबाले जी के कर कमलों से किया गया। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते गये कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को स्थापित हुए तीन वर्ष पूर्ण हो गए हैं। हर वर्ष हमने यह परंपरा बनायी है कि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की न्यास की गतिविधियों की पुस्तिका जनता के समक्ष प्रस्तुत की जाए। यह पुस्तिका समाज के प्रति न्यास के उत्तरदायित्व एवं कार्यक्रमों की जानकारी देता है। कोविड 19 महामारी के कारण इस वर्ष सेवा न्यास अपनी वार्षिक गतिविधियों पर प्रगति प्रतिवेदन पुस्तक प्रकाशित नहीं कर सका था। पं. गणेश प्रसाद जी का मानना था कि किसी भी सार्वजनिक कार्य को करने से जो लाभ मिलता है, वह सबको बाँटा जाए। विभिन्न कार्यक्रमों हेतु नागरिकों से प्राप्त आर्थिक एवं अन्य सहयोग को सभी को बताना चाहिये। इसी कड़ी में सेवा न्यास अपने कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत करता है।

इस अनौपचारिक कार्यक्रम के अवसर पर माननीय दत्तात्रेय जी ने कहा कि राकेशजी आपके सेवा न्यास को बहुत बहुत बधाई देता हूँ कि आप वर्ष भर में अनेकानेक कार्यक्रम करते रहते हैं। केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, तो उत्तर प्रदेश व दिल्ली के भी अनेक जिलों में न्यास की गतिविधियों व समाचारों को पढ़ता व सुनता रहता हूँ। प्रयागराज में माघ मेला व कुंभ मेला में लगातार पैंतालीस दिनों तक जिन कल्पवासियों की सेवा में न्यास मदद करता है, वह काबिले तारीफ है। इसमें केवल धार्मिक आयोजन मात्र नहीं होते हैं अपितु इस वर्ष न्यास द्वारा दो बार चिकित्सा शिविरों के आयोजन से हजारों तीर्थ यात्रियों को आंख के चश्मे व कान की मशीन दी गई। भारतीय संस्कारों को पल्लवित पुष्पित करने के लिए दद्दा जी की प्रेरणा से 50 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी किया गया। समाज में उपेक्षा की दृष्टि से देखे जाने वाले

थर्ड जेंडर वर्ग किन्नरों का सम्मेलन करना पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का विशेष उल्लेखनीय कार्य है। पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रों को शुद्ध पेयजल, खेल-कूद का विशाल परिसर निर्माण, विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन निश्चित रूप से एक अच्छे सेवाभावी न्यास की ओर इंगित करता है। इन गतिविधियों को देखने सुनने पर ध्यान में आता है कि अल्पकाल में ही दद्दा जी की स्मृति में सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत श्रीमती शान्ति मिश्रा ने यह कार्य जो प्रारम्भ कराया है, आज तीन वर्षों में यह एक वटवृक्ष बनता जा रहा है। अभी तक न्यास द्वारा देश के मशहूर चिकित्सा संस्थान दि मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा तीन बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नौगांव एवं सतना में किया जाना सेवाधर्मिता दर्शाता है। अभी तक ग्यारह बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर दीन दुखियों की सेवा करने के कारण ही न्यास के कार्यकर्ताओं को बधाई का पात्र बनाता है।

मान्यवर दत्तात्रेय होसबाले जी ने यह भी कहा कि आज संस्कारों को हम परिवारों में डालते हैं तो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी अपने आप संस्कारवान बनती है। संस्कारवान घर के वातावरण का प्रभाव परिवार पर होता है और परिवार का प्रभाव समाज पर होता है और समाज का प्रभाव देश पर होता है। माननीय दत्तात्रेय जी ने संघ के प्रथम पीढ़ी के प्रचारक श्री गणेश प्रसाद मिश्र जी के कुछ अच्छे उद्धरणों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दद्दाजी सरल, सहज, मेधावी, सेवाभावी कार्यकर्ता थे। वह बहुत ही गंभीर एवं लगनशील प्रकृति के स्वयंसेवक थे। संघ पर प्रथम प्रतिबंध के समय सन 1948 में पोस्ट मास्टर की नौकरी छोड़कर वह संघ के प्रचारक बन गये। ऐसे त्यागी तपस्वी लोगों के कारण ही आज देश चल रहा है। जीवन के अंतिम समय तक संघ की प्रार्थना नियमित होती रहे, यह भाव उनका सदैव रहता था। संघ कार्य का विस्तार कैसे हो, इसमें वे निरंतर लगे रहते थे। अपने जीवन के अंतिम दिन तक वे नौगांव नगर में आए हुए संघ विस्तारक की चिंता करते रहे। संघ प्रचारक व्यवस्था पर उनका अटूट विश्वास होने के कारण वे प्रचारकों की केवल भोजन मात्र की नहीं, बल्कि उनके संपर्क हेतु साधन की चिंता करते थे। वे संघ शाखाएं बढ़ाने के लिए उनके साथ प्रवास में जाते थे। आज उन जैसे महानुभावों के कारण ही संघ की विश्वसनीयता बनी है। ऐसे अनेकानेक कार्यकर्ता जिनका पथ पर नाम भी नहीं है, वह भी अपने पीछे अपने कार्यों से अपने नाम को जीवंत रख गए हैं। ग्राम धवारी में मेरा जाना हुआ है वहाँ गाँव का सर्वांगीण विकास हो रहा है। मैंने न्यास के कार्यकर्ताओं से चर्चा में भी सुना है।

यह पुस्तिका रूपी कार्यवृत्त सेवा न्यास के सभी सहयोगियों व कार्यकर्ताओं को पाथेय प्रदान करेगा। कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा मिले, ईश्वर उन्हें शक्ति दें कि इसी प्रकार से यह सेवा काम में लगे रहें। अभी कोविड महामारी के दौरान भी सेवा न्यास के द्वारा आठ विभिन्न वेबिनार आयोजित की गई, जो अपने आप में अनूठा उदाहरण है। सतना व नौगांव में पटबंद मंदिरों के पुजारियों को राशन सामग्री देना हो या बिछड़े हुए ट्रेन से आए हुए ग्रामीण यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाना हो या घरों में बंद लोगों को भोजन देना हो इस कार्य में न्यास ने भरपूर कार्य किया है। यह संघ के संस्कारों का ही प्रकटीकरण है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने बेहतरीन ढंग से किया है।

मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि दद्दाजी की तीसरी पीढ़ी यानी डॉ.राकेश मिश्र, प्रमिला और उनके पुत्र संकल्प इस सेवा कार्यों में सतत लगे हुए हैं। अच्छी बात है कि दद्दाजी की चारों बेटियां स्वयं इस काम में सक्रिय हैं।आज संकल्प के जन्मदिन पर धवारी गाँव में सात पौधों का वृक्षारोपण करना, दद्दाजी के पर्यावरण प्रेम का ही नतीजा दर्शाता है। श्रीमती आशा दीदी, माधवी, रेखा एवं डॉ रचना मिश्रा सहित सभी सेवा न्यास के काम में निरंतर लगी हुई हैं। राकेश जी, सभी परिवारजनों को सेवा कार्यों में लगाये हुये हैं, जो एक अच्छे परिवार भाव का उदाहरण है। सभी बहनें अपने भाई के साथ संघ के संस्कारों से अनुप्राणित होकर इन कार्यों को निरंतर कर रही हैं। दद्दा जी की स्मृति में प्रतिवर्ष होने वाली व्याख्यान माला के विषय भी बड़े ही सारगर्भित हैं। आज इस अवसर पर यह कार्यवृत्त का प्रकाशन अनेक लोगों को सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित करेगा। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना नगर में अपना सतना-हरा भरा सतना का सफल अभियान हमें निश्चित ही पर्यावरण के प्रति यह भाव दूरगामी परिणाम देगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सेवा कार्यों से अभिभूत हूँः दत्तात्रेय होसबाले

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का तृतीय कार्यवृत्त का विमोचन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
नई दिल्ली। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा अपने तृतीय कार्यवृत्त का विमोचन गत दिवस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के कर कमलों से किया गया। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते गये कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को स्थापित हुए तीन वर्ष पूर्ण हो गए हैं। हर वर्ष हमने यह परंपरा बनायी है कि 01 अप्रैल से 31 मार्च तक की न्यास की गतिविधियों की पुस्तिका जनता के समक्ष प्रस्तुत की जाए। यह पुस्तिका समाज के प्रति न्यास के उत्तरदायित्व एवं कार्यक्रमों की जानकारी देता है। कोविड 19 महामारी के कारण इस वर्ष सेवा न्यास अपनी वार्षिक गतिविधियों पर प्रगति प्रतिवेदन पुस्तक प्रकाशित नहीं कर सका था।





पं. गणेश प्रसाद जी का मानना था कि किसी भी सार्वजनिक कार्य को करने से जो लाभ मिलता है, वह सबको बाँट जाए। विभिन्न कार्यक्रमों हेतु नागरिकों से प्राप्त आर्थिक एवं अन्य सहयोग को सभी को बताना चाहिये। इसी कड़ी में सेवा न्यास अपने कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत करता है।

इस अनौपचारिक कार्यक्रम के अवसर पर दत्तात्रेय जी ने कहा कि राकेशजी आपके सेवा न्यास को बहुत बहुत बधाई देता हूँ कि आप वर्ष भर में अनेकानेक कार्यक्रम करते रहते हैं। केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, तो उत्तर प्रदेश व दिल्ली के भी अनेक जिलों में न्यास की गतिविधियों व समाचारों को पढ़ता व सुनता रहता हूँ। प्रयागराज में माघ मेला व कुंभ मेला में लगातार पैंतालीस दिनों तक जिन कल्पवासियों की सेवा में न्यास मदद करता है, वह क़ाबिले तारीफ़ है। इसमें केवल धार्मिक आयोजन मात्र नहीं होते हैं अपितु इस वर्ष न्यास द्वारा दो बार चिकित्सा शिविरों के आयोजन से हजारों तीर्थ यात्रियों को आंख के चश्में व कान की मशीन दी गई। भारतीय संस्कारों को पल्लवित पुष्पित करने के लिए दद्दा जी की प्रेरणा से 50 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी किया गया। समाज में उपेक्षा की दृष्टि से देखे जाने वाले थर्ड जेंडर वर्ग किन्नरों का सम्मेलन करना पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का विशेष उल्लेखनीय कार्य है। पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रों को शुद्ध पेयजल, खेल-कूद का विशाल परिसर निर्माण, विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन निश्चित रूप से एक अच्छे सेवाभावी न्यास की ओर इंगित करता है। इन गतिविधियों को देखने सुनने पर ध्यान में आता है कि अल्पकाल में ही दद्दा जी की स्मृति में सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत श्रीमती शान्ति मिश्रा ने यह कार्य जो प्रारम्भ कराया है, आज तीन वर्षों में यह एक वटवृक्ष बनता जा रहा है। अभी तक न्यास द्वारा देश के मशहूर चिकित्सा संस्थान दि मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा तीन बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नीगांव एवं सतना में किया जाना सेवाधर्मिता दर्शाता है। अभी तक ग्यारह बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर दीन दुखियों की सेवा करने के कारण ही न्यास के कार्यकर्ताओं को बधाई का पात्र बनाता है।

दत्तात्रेय होसबाले ने यह भी कहा कि आज संस्कारों को हम परिवारों में डालते हैं तो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी अपने आप संस्कारवान बनती है। संस्कारवान घर के वातावरण का प्रभाव परिवार पर होता है और परिवार का प्रभाव समाज पर होता है और समाज का प्रभाव देश पर होता है। दत्तात्रेय जी ने संघ के प्रथम पीढ़ी के प्रचारक श्री गणेश प्रसाद मिश्र जी के कुछ अच्छे उद्धरणों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दद्दाजी सरल, सहज, मेधावी, सेवाभावी कार्यकर्ता थे। वह बहुत ही गंभीर एवं लगनशील प्रकृति के स्वयंसेवक थे। संघ पर प्रथम प्रतिबंध के समय सन 1948 में पोस्ट मास्टर की नौकरी छोड़कर वह संघ के प्रचारक बन गये। ऐसे त्यागी तपस्वी लोगों के कारण ही आज देश चल रहा है। जीवन के अंतिम समय तक संघ की प्रार्थना नियमित होती रहे, यह भाव उनका सदैव रहता था। संघ कार्य का विस्तार कैसे हो, इसमें वे निरंतर लगे रहते थे। अपने जीवन के अंतिम दिन तक वे नीगांव नगर में आए हुए संघ विस्तारक की चिंता करते रहे। संघ प्रचारक व्यवस्था पर उनका अटूट विश्वास होने के कारण वे प्रचारकों की केवल भोजन मात्र की नहीं, बल्कि उनके संपर्क हेतु साधन की चिंता करते थे। वे संघ शाखाएं बढ़ाने के लिए उनके साथ प्रवास में जाते थे। आज उन जैसे महानुभावों के कारण ही संघ की विश्वसनीयता बनी है। ऐसे अनेकानेक कार्यकर्ता जिनका पथ पर नाम भी नहीं है, वह भी अपने पीछे अपने कार्यों से अपने नाम को जीवंत रख गए हैं। ग्राम धवर्रा में मेरा जाना हुआ है वहाँ गाँव का सर्वांगीण विकास हो रहा है। मैंने न्यास के कार्यकर्ताओं से चर्चा में भी सुना है।

यह पुस्तिका रूपी कार्यवृत्त सेवा न्यास के सभी सहयोगियों व कार्यकर्ताओं को पाथेय प्रदान करेगा। कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा मिले, ईश्वर उन्हें शक्ति दें कि इसी प्रकार से वह सेवा काम में लगे रहें। अभी कोविड महमारी के दौरान भी सेवा न्यास के द्वारा आठ विभिन्न वेबिनार आयोजित की गईं, जो अपने आप में अनूठा उदाहरण है। सतना व नीगोंव में पटबंद मंदिरों के पुजारियों को राशन सामग्री देना हो या बिछड़े हुए ट्रेन से आए हुए ग्रामीण यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाना हो या घरों में बंद लोगों को भोजन देना हो इस कार्य में न्यास ने भरपूर कार्य किया है। यह संघ के संस्कारों का ही प्रकटीकरण है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने बेहतरीन ढंग से किया है।

मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि दद्दाजी की तीसरी पीढ़ी यानी डॉ.राकेश मिश्र, प्रमिला और उनके पुत्र संकल्प इस सेवा कार्यों में सतत लगे हुए हैं। अच्छी बात है कि दद्दाजी की चारों बेटियां स्वयं इस काम में सक्रिय हैं।आज संकल्प के जन्मदिन पर धवर्रा गाँव में सात पौधों का वृक्षारोपण करना, दद्दाजी के पर्यावरण प्रेम का ही नतीजा दर्शाता है। श्रीमती आशा दीदी, मालती, रेखा एवं डॉ. रचना मिश्रा सहित सभी सेवा न्यास के काम में निरंतर लगीं हुई हैं। राकेश जी, सभी परिवाजनों को सेवा कार्यों में लगाये हुये हैं, जो एक अच्छे परिवार भाव का उदाहरण है। सभी बहनें अपने भाई के साथ संघ के संस्कारों से अनुप्राणित होकर इन कार्यों को निरंतर कर रही हैं। दद्दा जी की स्मृति में प्रतिवर्ष होने वाली व्याख्यान माला के विषय भी बड़े ही सारगर्भित हैं। आज इस अवसर पर यह कार्यवृत्त का प्रकाशन अनेक लोगों को सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित करेगा। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना नगर में अपना सपना-हरा भरा सतना का सफल अभियान हमें निश्चित ही पर्यावरण के प्रति यह भाव दूरगामी परिणाम देगा।

कार्यक्रम के अंत में संकल्प मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया, विशेषकर श्री प्रभात कुमार जी एवं उनके परिवार का भी कि वे सपरिवार उपस्थित भर नहीं हुए, बल्कि उन्होंने अल्प समय में यह पुस्तिका विमोचन के लिए उपलब्ध कराई। आज सौभाग्य का विषय है कि न्यास के ही सदस्य संकल्प मिश्र का जन्मदिन भी है। इस अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अनौपचारिक समारोह में यह कार्यवृत्त प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सहभोज हुआ। इस अवसर पर न्यास के सहयोगी सत्यभूषण जैन, गोविंद अग्रवाल, डॉ. नरेश पमनानी, राकेश बिंदल, वीपी टंडन, श्रीमती वंदना टंडन, आदित्य अग्रवाल, डॉ. रेखा पाठक (फरीदाबाद), संजीव कुमार (गुरुग्राम), विनीत रावत, रंजीत कुमार, श्रीमती अनीता रावत, सहित न्यास के प्रमुख कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे।

आईये हमें बताइये...

आपके हाथ में थमा यह अखबार जनहित का सजग प्रहरी, जनसमस्याओं को उजागर करने हेतु सशक्त माध्यम, जिसका कोई सुनवाई न हो, उसकी प्रबल आवाज बनेगा यदि कहीं भी कोई समस्या है अत्याचार हो रहा है या भ्रष्टाचार हो रहा है तो हमें बताएं हम उसे बिना किसी दबाव व भेदभाव के उजागर करेंगे तथा आपको न्याय दिलाने में मददगार साबित होंगे।

- संपादक

संपादक- एड. विनोद अग्रवाल

RNI No. - MPHIN 2004/13688

सह संपादक- इम्तियाज खान

भोपाल की जान

संवाददाता नियुक्त करना है

पत्रकारिता में रुचि रखने वाले संवाददाताओं की आवश्यकता है। बीजावर, हरपालपुर, लवकुशनगर, गौरिहार, चंदला, सरवई, बमीठा, बकस्वाहा, बिजावर, बड़ामलहरा, खजुराहो में एजेंसी एवं संवाददाताविमुक्त करना है इच्छुक जन कार्यालय में आकर संपर्क करें।

पता- दैनिक भोपाल की जान पुराने रोजगार कार्यालय के सामने छतरपुर

वर्ष - 16 अंक - 327 ■ छतरपुर ■ रविवार ■ 26 जुलाई 2020 फोन - 07682-244505, मोबाइल 9425363672 मूल्य-1 रूपए प्रति कापी पृष्ठ - 2

स्वास्थ्य एवं जीवन शैली से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा



छतरपुर। पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य एवं जीवन शैली से जुड़े विषयों पर देश के सुप्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ परिचर्चाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज सप्तम स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं और निदान विषय पर किया गया। इस विषय पर देश की सुप्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए महिलाओं की जिज्ञासाओं का सरल भाषा में समाधान किया।

परिचर्चा में डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज का केंद्र होती हैं। वह एक ऐसी धुरी होती हैं जिसके चारों ओर हमारा परिवार विकसित होता है। इसलिए महिलाओं को स्वयं और समाज को भी उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरुक होना पड़ेगा। महिलाओं को उनकी अटूट शक्ति और क्षमताओं के विषय में बतलाना होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं प्रमिला मिश्रा ने बताया कि परिचर्चा में 1714 महिलाएं पूरे देश से जुड़ीं जिन्होंने 256 प्रश्न पूछे। इनमें से अधिकांश प्रश्नों का उत्तर डॉ दिव्या नागपाल के प्रारंभिक उद्बोधन में ही मिल गए। वहीं कुछ विशिष्ट प्रश्नों व जिज्ञासा का समाधान उन्होंने संवाद सत्र में दिया। कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र भी उपस्थित रहे। न्यास की सचिव आशा रावत ने आभार प्रकट किया।डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने कहा कि महिलाएं अपने लिए हर दिन एक घंटा निकालें और उस एक घंटे में कोई भी व्यायाम करें। खुली हवा में टहलें और योग करें। प्रायः देखने में आता है कि महिलाएं जो भोजन घर में बचा होता है उसे ही खा लेती हैं इसलिए वे दूध-दही आदि का नियमित रूप से सेवन भी करें। उन्होंने महिलाओं को शारीरिक क्षमता से अधिक व्रत न करने की सलाह भी दी क्योंकि इससे एसिडिटी की आशंका बढ़ जाती है।

न्यू साधना न्यूज, सतना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की चतुर्थ व्याख्यान माला 13 को

■ न्यू साधना न्यूज ,छतरपुर।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष आगामी 13 दिसंबर 2020 रविवार को दोपहर 2 बजे महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में 'भारतीय प्राचीन काल गणना: ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण' विषय पर चतुर्थ व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र. उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के संयोजक विनोद रावत ने बताया कि आधुनिक काल में इस विषय की हम सबको जानकारी होना बहुत ही जरूरी है क्योंकि हम भारतीय कालगणना प्रतिदिन अपनाते हैं एवं उसके अनुसार जीवन भी व्यतीत करते हैं। कार्यक्रम की संचालन समिति के सदस्य प्रदीप गुप्त ने बताया कि चूंकि पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी स्वयं भूगोल विषय के मेधावी छात्र थे और प्राथमिक शिक्षा के समय से ही तारामंडल, रेखाओं एवं ग्रहों की संरचनाओं को एटलस एवं ग्लोब के माध्यम से बच्चों को समझाते थे इसलिए इस वर्ष व्याख्यान माला का विषय 'भारतीय प्राचीन काल गणना: ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण' रखा गया है। व्याख्यानमाला में डॉ. राकेश मिश्र पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं अ.भा. विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विषय की प्रास्ताविक भूमिका रखेंगे। न्यास की सचिव आशा रावत ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

क्षमता से अधिक व्रत न रखें महिलाएं- डॉ. दिव्या नागपाल

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य परिचर्चा में समस्याओं का मिला समाधान

प्रखर ज्ञान संवाददाता, छतरपुर। पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य एवं जीवन शैली से जुड़े विषयों पर देश के सुप्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ परिचर्चाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज सप्तम स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं और निदान विषय पर किया गया। इस विषय पर देश की सुप्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए महिलाओं की जिज्ञासाओं का सरल भाषा में समाधान किया। परिचर्चा में डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज का केंद्र होती हैं। वह एक ऐसी धुरी होती हैं जिसके चारों ओर हमारा परिवार विकसित होता है। इसलिए महिलाओं को स्वयं और समाज को भी उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरुक होना पड़ेगा। महिलाओं को उनकी अटूट शक्ति और क्षमताओं के विषय में बतलाना होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं प्रमिला मिश्रा ने बताया कि परिचर्चा में 1714 महिलाएं पूरे देश से जुड़ीं जिन्होंने 256 प्रश्न पूछे। इनमें से अधिकांश प्रश्नों का उत्तर डॉ दिव्या नागपाल के प्रारंभिक उद्बोधन में ही मिल गए। वहीं कुछ विशिष्ट प्रश्नों व जिज्ञासा का समाधान उन्होंने संवाद सत्र में दिया। कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र भी उपस्थित रहे। न्यास की सचिव आशा रावत ने आभार प्रकट किया।

व्यायाम के लिए वक्त निकालें महिलाएं: डॉ दिव्या नागपाल गुप्ता ने कहा कि महिलाएं अपने लिए हर दिन एक घंटा निकालें और उस एक घंटे में कोई भी व्यायाम करें। खुली हवा में टहलें और योग करें। प्रायः देखने में आता है कि महिलाएं जो भोजन घर में बचा होता है उसे ही खा लेती हैं इसलिए वे दूध-दही आदि का नियमित रूप से सेवन भी करें। उन्होंने महिलाओं को शारीरिक क्षमता से अधिक व्रत न करने की सलाह भी दी क्योंकि इससे एसिडिटी की आशंका बढ़ जाती है।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र — जनहित का सजग प्रहरी

जन जन जागरण

पेज 06 | Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, रविवार 20 जून 2020 | पेज 07

कू कू कू... पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चतुर्थ स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

डॉ राकेश वर्मा ने वेबिनार में दिया हृदय रोग बचाव का मंत्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र

स्मृति व्याख्यान माला

(चतुर्थ पुष्प)

:: मुख्य वक्ता ::
डॉ. मोहन यादव
उच्च शिक्षा मंत्री,
मध्य प्रदेश शासन

:: विषय ::
"भारतीय प्राचीन काल गणना:
ऐतिहासिक महत्व व
वैज्ञानिक विश्लेषण"

:: प्रास्ताविक ::
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष,
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

कार्यक्रम: 13 दिसंबर, 2020 (रविवार) समय: अपराह्न 2 बजे
स्थान: महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर (म.प्र.)

आप सादर आमंत्रित हैं।

:: विनीत ::

श्री विनोद रावत
09425304492

श्रीमती आशा रावत
सचिव
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

श्री प्रवीण गुप्ता
09826654410

कार्यक्रम में समय से 15 मिनट पूर्व स्थान ग्रहण करें। कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये मास्क लगायें एवं सेनेटाइज करें।

https://gpmsevanyas.org/ drmishrarakesh mishradrrakesh

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव 13 दिसंबर को आएंगे छतरपुर

छतरपुर, 20 नवं., कार्या.। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष आगामी 13 दिसंबर 2020 रविवार को दोपहर 2 बजे महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में 'भारतीय प्राचीन काल गणना: ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण' विषय पर चतुर्थ व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र. उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति के संयोजक विनोद रावत ने बताया कि आधुनिक काल में इस विषय की हम सबको जानकारी होना बहुत ही जरूरी है क्योंकि हम भारतीय कालगणना प्रतिदिन अपनाते हैं एवं उसके अनुसार जीवन भी व्यतीत करते हैं। कार्यक्रम की संचालन समिति के सदस्य प्रवीण गुप्त ने बताया कि चूंकि पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी स्वयं भूगोल विषय के मेधावी छात्र थे और प्राथमिक शिक्षा के समय से ही तारामंडल, रेखाओं एवं ग्रहों की संरचनाओं को एटलस एवं ग्लोब के माध्यम से बच्चों को समझाते थे इसलिए इस वर्ष व्याख्यान माला का विषय 'भारतीय प्राचीन काल गणना: ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण' रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आधुनिक पीढ़ी में इन सब विषयों में हमारे अभिभावक काफ़ी पीछे रहते हैं इसीलिए इस विषय का चयन करके इस क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. मोहन यादव को प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि डॉ. मोहन यादव जी ने उज्जैन स्थित भारत के प्राचीन शोध केंद्र के रूप में अनेक स्थान निर्मित व विकसित किए हैं एवं उनकी वैज्ञानिकता भी सिद्ध की है। डॉ. मोहन यादव जी केवल एक राजनेता मात्र नहीं हैं बल्कि उन्होंने विक्रमादित्य शोध पीठ की स्थापना भी की है। व्याख्यानमाला में डॉ. राकेश मिश्र पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं अ.भा. विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विषय की प्रास्ताविक भूमिका रखेंगे। न्यास की सचिव आशा रावत ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

विंध्य शक्ति छतरपुर

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चतुर्थ व्याख्यान माला का आयोजन 13 दिसम्बर को छतरपुर में

भारतीय प्राचीन काल गणना- ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण पर डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री का होगा व्याख्यान

सतना/ छतरपुर/ नई दिल्ली। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराजा छत्रसाल की नगरी छतरपुर में चतुर्थ व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव जी मुख्य वक्ता (उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र.) रहेंगे। व्याख्यान माला का विषय ' 'भारतीय प्राचीन काल गणना- ऐतिहासिक महत्व व वैज्ञानिक विश्लेषण है। आयोजन समिति के संयोजक विनोद रावत ने बताया कि आधुनिक काल में इस विषय की हम सबको जानकारी होना बहुत ही जरूरी है, क्योंकि हम भारतीय कालगणना तो प्रतिदिन अपनाते भी हैं एवं उसके अनुसार जीवन भी व्यतीत करते हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी स्वयं भूगोल विषय के मेधावी छात्र थे। वे प्राथमिक शिक्षा के समय से ही तारामंडल, रेखाओं एवं ग्रहों की संरचनाओं को एटलस एवं ग्लोब के माध्यम से बच्चों को समझाते थे। मुझे लगता है कि आधुनिक पीढ़ी में इन सब विषयों में हमारे अभिभावक काफ़ी पीछे रहते हैं इसीलिए इस विषय का चयन करके इस क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. मोहन यादव को प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्थित भारत के प्राचीन शोध केंद्र के रूप में अनेक स्थान निर्मित व विकसित किए हैं एवं उनकी वैज्ञानिकता भी सिद्ध की है। डॉ. मोहन यादव केवल एक राजनेता मात्र नहीं हैं बल्कि उन्होंने विक्रमादित्य शोध पीठ की स्थापना भी की है। विक्रमादित्य पर शोध कार्य हेतु खगोलीय काल

